कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
पिथौरागढ़।

दूरभाष/फैक्स नं0 05964–225115

E-mail - pdpwdpth@rediffmail.com


पत्रांक 610 /22 याता0

दिनांक 20/4/2020

सेवा में,

कार्यालय वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊ वृत्त
अल्मोड़ा

विषयः– सुगौली चमाली रोड से मछीनाखोली कनारी विषाण तक मोटर मार्ग, प्रपोजल सं0 **(FP/UK/ROAD/42088/2019)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के कम में यह अवगत कराना है कि आगणन के अनुसार मार्ग कटिंग में कुल 18900.00 घन मी0 मलवा होता है जिसकी विस्तृत जानकारी पत्रांक 209/22याता, दिनांक 29/01/2020 के माध्यम से प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग पिथौरागढ़ के कार्यालय में पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है जिसकी प्रति संलग्न है, जिसमें कुल उपयोग में लाए जाने वाले **मलवा (पत्थर/रोड़ा/ मिट्टी)** की मात्रा– 17868.00 घन मी0 है, उपयोग किए जाने वाले मलवे में **पत्थर के साथ रोड़ा व मिट्टी** को भी समायोजित किया गया है।

अतः अवशेष मलवा (18900–17868:–1032 घन मी0) को कार्यस्थल में प्रस्तावित डम्पिंग जोन में टिप्परों के माध्यम से ढोकर फेंका जाएगा।

प्रस्ताव में लगाए गए टोपो एवम् जियो मैप नोडल अधिकारी/अपर प्रमुख वन संरक्षक, भूमि सर्वेक्षण निर्देशालय इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी, वन विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आई0टी0 सैल के द्वारा बनाए गए है जिसमें प्रस्तावित मार्ग को लाल रंग से दर्शाया गया है।

उपरोक्त प्रस्ताव **पूर्व में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार भेजे जा चुके है वर्तमान में 01 हे0 से कम के प्रस्ताव में उत्तराखण्ड शासन द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति** के दिशा निर्देश प्राप्त है जिस कारण उक्त प्रस्ताव को कार्यालय नोडल अधिकारी, वन संरक्षक देहरादून के पत्र के कम में withdraw कर आनलाईन पुनः अपलोड किया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

20/4/2020

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़।

प्रतिलिपिः– प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग पिथौरागढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़।

Scanned with CamScanner